13 साल बाद खुली एनएच 39 फोरलेन की बड़ी खामी

लाखों का ओवरब्रिज अब तोड़ा जा रहा,गलत डिजाइन का खामियाजा, नौढ़िया ओवरब्रिज के एक हिस्से पर चला बुलडोजर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे-39 पिछले 13 वर्षों से निर्माणाधीन है और अब एक बार फिर यह परियोजना गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। मार्च महीने में तीसरी बार फोरलेन सड़क का टेंडर होने के बीच गोरबी के समीप नौढ़िया स्थित ओवरब्रिज के एक हिस्से को ध्वस्त कर तोड़े जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। लाखों रुपये की लागत से बने इस ओवरब्रिज को अब तोड़कर दोबारा निर्माण करने की नौबत आने से एमपीआरडीसी के अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठने लगी हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ओवरब्रिज शुरुआत से ही तकनीकी खामियों से ग्रस्त था। सबसे बड़ी समस्या इसकी टर्निंग को लेकर बताई जा रही है। यहां मोड़ इस तरह से तैयार किया गया था कि बड़े और भारी वाहनों की आवाजाही में दिक्कत आ सकती थी। लंबे समय से इस मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों ने भी कई बार इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया था, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब जब पुल के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा है तो यह सवाल और भी गंभीर हो गया है कि आखिर इतनी बड़ी खामी इतने वर्षों तक नजर से कैसे ओझल रही। जानकारी के अनुसार फरवरी महीने में सड़क निर्माण से जुड़े तकनीशियन, इंजीनियर और विशेषज्ञों की एक टीम वाराणसी, दिल्ली और अन्य शहरों से यहां पहुंची थी। टीम ने निर्माणाधीन फोरलेन सड़क और नौढ़िया ओवरब्रिज का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई तकनीकी कमियां सामने आईं, जिनमें ओवरब्रिज की टर्निंग और संरचना प्रमुख बताई जा रही है। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के बाद ही पुल के एक हिस्से को तोड़ने का निर्णय लिया गया और पिछले एक पखवाड़े से निर्माणाधीन ओवरब्रिज के एक हिस्से को तोड़ा जा रहा है और उसमें लगे सरिया को 25 रूपये केजी के हिसाब से बेच दिया जा रहा है। अब सवाल उठाया जा रहा है कि प्राकलन के समय इसपर ध्यान क्यों नही दिया गया। यदि तीसरी बार टेंडर न हुआ होता तो शायद ओवरब्रिज बन भी जाता। अब स्थानीय ग्रामीण मांग करने लगे हैं एमपीआरडीसी के इंजीनियरों पर कार्रवाई कर राशि की रिकवरी कराई जाए।

इंजीनियरों पर कार्रवाई करने की उठने लगी मांग

अब सबसे बड़ा सवाल एमपीआरडीसी के उन अधिकारियों और इंजीनियरों पर खड़ा हो रहा है जो पिछले 12 से 13 वर्षों के दौरान इस परियोजना से जुड़े रहे। यदि निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हुआ था तो उस समय पदस्थ इंजीनियर और सब-इंजीनियर ने इसे क्यों नहीं रोका, यदि ठेकेदार ने मनमानी करते हुए गलत निर्माण किया तो गुणवत्ता परीक्षण और तकनीकी स्वीकृति देने वाले अधिकारियों ने इस पर आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की। लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि यह केवल लापरवाही नहीं बल्कि कहीं न कहीं मिलीभगत और कमीशनखोरी का मामला भी हो सकता है।

एमपीआरडीसी के पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल

स्थानीयजनों का कहना है कि सरकारी धन से लाखों रुपये खर्च कर ओवरब्रिज बनाया गया। हालांकि वह निर्माणाधीन है। अब उसी पुल को तोड़ने में फिर से लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। यह सीधे तौर पर जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी है। लोगों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और उस समय पदस्थ अधिकारियों, इंजीनियरों तथा ठेकेदार की जवाबदेही तय करने की मांग उठाई है। सीधी-सिंगरौली एनएच-39 क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं में शामिल है, लेकिन 13 वर्षों से अधूरा निर्माण और अब ओवरब्रिज की तकनीकी खामी ने पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आमजन की मांग है कि केवल निर्माण कार्य पूरा करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो सके।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आज कन्या विद्यालय बैढ़न से

राज्यमंत्री राधा सिंह आज करेंगी शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। शालात्यागी बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार की मनसानुसार एवं कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश के परिपालन में विशेष अभियान कल 1 अप्रैल से चलाया जा रहा है। इस नए शैक्षणिक सत्र में अभियान को मूर्तिरूप देने के लिए राधा सिंह राज्य मंत्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगी।

इस अभियान में जहां शासकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा । वहीं आज जिले के समस्त सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्य धारा में लाना है। कलेक्टर ने जिले के सभी विकास खंडों के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों को इस विशेष अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए है । अभियान से दौरान गाँव एवं बस्तियों में जागरूकता रैली, घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क कर स्कूल प्रबंधन समिति वा जनप्रतिनिधियों की भागीदारी कक्षा पहली के बच्चों का स्वागत समारोह और स्कूल छोड़ चुके बच्चों को दोबारा जोड़ने जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी ।

एक नजर में

ननि अध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद की बजट बैठक आज

सिंगरौली। नगर निगम सिंगरौली के अध्यक्ष देवेश पाण्डेय की अध्यक्षता में कल दिन बुधवार 1 अप्रैल को 11 बजे नगर निगम परिषद सभागार की बजट बैठक आयोजन किया जा रहा है। इस अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नगर विकास, बुनियादी ढाँचे और जनहितकारी योजनाओं के लिए बजट प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा जाएगा।

भाजपा की स्थापना दिवस 6 को, तैयारी शुरू

सिंगरौली। भाजपा का स्थापना दिवस है। इसी दिन 1980 में जनसंघ एवं जनता पार्टी के विलय के बाद भाजपा की नीव रखी गई तथा अटल बिहारी वाजपेई पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। तब से 6 अप्रैल के दिन भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाता है। भाजपा सिंगरौली में स्थापना दिवस के कार्यक्रम को वृहद रूप देने के लिए जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में एक विशेष तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में द्वय विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी मंचासीन रहे। बैठक में स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई ।

9 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से मॉडल सड़क का कार्य 20 से

वाटर पाइप एवं सीवरेज लाइन के ठेकेदार को नोटिस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। शहर की प्रमुख मॉडल रोड माजन मोड से नवजीवन बिहार इंदिरा चौक तक के रोड का निर्माण कार्य 20 अप्रैल से प्रारंभ होगा एवं समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा। 9 करोड़ 35 लाख की लागत से डीएमएफ फण्ड की राशि से होने वाले मॉडल रोड के निर्माण कार्य के पूर्व की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक के दौरान मुख्य सड़क में डाली जा रही सीवरेज एवं वाटर सप्लाई की पाइपलाइन सहित गैसपाइप लाइन के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली गई। सीवरेज एवं वाटर सप्लाई पाइपलाइन के कार्य की धीमी प्रगति पर एवं बैठक के दौरान दोनों एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजर की अनुपस्थित होने पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, समय पर कार्य पूर्ण कराया जाए। ननि आयुक्त ने कहा कि सीवर एवं वाटर सप्लाई पाइपलाइन के कार्य जो मॉडल रोड में चल रहें हैं, उन्हें सम्बंधित एजेंसियां 20 दिवस में पूर्ण कर लेंगी तथा गैस पाइप लाइन का निर्माण कार्य 30 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा । उन्होंने बताया कि मुख्य सड़क का निर्माण निर्धारित समय सीमा में 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मॉडल रोड का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए। बैठक के दौरान नगर निगम के आयुक्त सविता प्रधान, कार्यपालन यंत्री संतोष पांडेय सहित नगर निगम के इंजीनियर मौजूद रहे।

इंस्पायर अवार्ड की पुरस्कार राशि में छात्रों से वसूली का आरोप

डीएव्ही सूर्य बिहार का मामला, ऑडियो वायरल, जवाब देने से कतरा रहा प्रबंधन, सवालों के घेरे में इंस्पायर अवार्ड

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। इंस्पायर अवार्ड योजना की हकीकत सामने आने लगी है। एक वायरल ऑडियों ने इंस्पायर अवार्ड योजना का पोल खोल दिया है।

यह ऑडियो डीएव्ही सूर्य बिहार सासन क्षेत्र का है। जहां एक छात्र के पिता से पुरस्कार रकम स्कूल खाते में जमा करने के लिए लिपिक एवं एक शिक्षिका के द्वारा दबाव बनाकर धमकी दी जा रही है। हालांकि वायरल ऑडियो की पुष्टि नवभारत नही करता है। दरअसल 2025-26 में इंस्पायर अवार्ड योजना में जिले के 17 छात्रों का चयन हुआ था और पुरस्कार भी उन्हें मिला था। सिंगरौली के डीएव्ही सूर्य बिहार विद्यालय से तीन छात्रों का चयन हुआ, जिसमें सत्यम कुमार साहू कक्षा 7वीं, नेहा सिंह कक्षा 6वीं एवं पियूष राय कक्षा 6वीं शामिल हैं। यहां बताते चले कि इंस्पायर अवार्ड के छात्रों को 10-10 हजार रूपये का नकद पुरस्कार राज्य शासन से मिला है। यह राशि छात्रों के खाते में प्रदाय की जाती है, इसमें 50 प्रतिशत राशि साइंस मॉडल बनाने एवं शेष राशि आवाजाही खर्च में शामिल है। बताया जा रहा है कि उक्त राशि को डीएव्ही सूर्य बिहार के प्रबंधन द्वारा छात्रों से प्राप्त राशि को विद्यालय के खाते में मांगी जा रही है। एक ऑडियों वायरल हुआ है, जिसमें एक शिक्षिका सत्यम कुमार साहू के पिता को फोन लगाकर इंस्पायर अवार्ड के रकम को तत्काल देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। शिक्षिका ने यहां तक कहा है कि यदि राशि वापस नही की तो 1 अप्रैल से विद्यालय आने की अनुमति नही मिलेगी। वहीं कॉन्फ्रेंस की माध्यम से शिक्षिका ने लिपिक से भी बात कराई। लिपिक ने भी शिक्षिका के सुर में सुर मिलाते हुये सख्त हिदायत दिया है। ऑडियो कब का है, यह पुष्टि नही हो पा रही हैं, लेकिन चर्चाओं के मुताबिक उक्त ऑडियो हाल ही के दिनों का है। ऑडियों वायरल होने के बाद इंस्पायर अवार्ड योजना एवं डीएव्ही सूर्य बिहार प्रबंधन पर सवाल खड़े होने लगे हैं। हालांकि इस मामले में डीएव्ही सूर्य बिहार प्रबंधन जवाब देने से परहेज कर रहा है। इधर इस संबंध में डीईओ एसबी सिंह ने कहा है कि मामला सामने आने पर जांच कराई जाएगी।

शिक्षक ने बनाया था मॉडल, सिर्फ छात्र खड़े थे

ऑडियो में इंस्पायर अवॉर्ड में साइंस मॉडल कौन तैयार करता है, पर्दे के पीछे खेल क्या है, प्राचार्य का ऑडियो ने पोल खोल दिया है। छात्र सत्यम के पिता को प्राचार्य यह बालते हुये कहा कि साइंस मॉडल में जो लागत लगी है, वह शिक्षक के द्वारा लगाई गई है और शिक्षक ने ही साइंस मॉडल तैयार किया है। सिफ छात्र प्रदर्शनी के दौरान छात्र खड़े थे। दो छात्रों ने रकम जमा कर दिया है, सत्यम का बकाया है। हर हाल में राशि जमा करों, नही तो दिक्कते आ जाएंगी।

विंध्याचल ने 4 कर्मचारियों के सेवानिवृत पर दी भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 31 मार्च। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में आज दिन मंगलवार को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी, जिनमें हीरालाल उप प्रबंधक, देवधर राम अभियंता एसएलपीएस, संतोष कुमार पटेल अभियंता एसएलपीएस एवं पोलूस हंस अभियंता एसएलपीएस शामिल हैं।

सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा सूर्या भवन के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा।

नेशनल हाईवे-39 पर भीषण सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। जिले में नेशनल हाईवे-39 पर एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार जयंत खदान से मैहर की ओर जा रहा कोयले से लोड ट्रक बाइक चालक को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा जियावन थाना क्षेत्र के सजहर जंगल के पास हुआ, जहां घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक सवार को बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान वाहन अनियंत्रित हो गया। हादसे के समय चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नेशनल हाईवे-39 का निर्माण पिछले 13 वर्षों से जारी है, जिसके चलते सड़क की स्थिति कई जगह खराब बनी हुई है। यही कारण है कि इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

मुक्तिधाम के समीप की भूमि पार्क विकसित करने डीपीआर तैयार करें : सविता

काचन नदी तट एवं हिर्रवाह मुक्तिधाम के पास चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने आज दिन बुधवार को काचन नदी तट एवं हिर्रवाह मुक्तिधाम के समीप चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि नदी तट क्षेत्र का सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण विकास शहर की पहचान को सुदृढ़ करेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराएगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने हिर्रवाह मुक्तिधाम के समीप उपलब्ध भूमि का अवलोकन कर वहाँ एक सार्वजनिक पार्क विकसित किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने ननि के तकनीकी अमले को उक्त स्थल पर पार्क निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में नागरिकों को हरित क्षेत्र एवं मनोरंजन की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। आयुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने के निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री संतोष पांडेय एवं उप यंत्री बिपिन तिवारी मौजूद रहे।

हर मंगलवार को विधायक कार्यालय में होगी जनसुनवाई

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। भाजपा जिला कार्यालय ढोंटी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्य योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आज दिन मंगलवार को आयोजित की गई।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियान तथा क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की। इस दौरान देवसर विधायक डॉ. राजेंद्र मेश्राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री सीमा जायसवाल सहित अन्य जिला पदाधिकारी एवं प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के क्रम में विधायक रामनिवास शाह ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आज से प्रत्येक माह के प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को वे अपने कार्यालय में जनसुनवाई के लिए उपस्थित रहेंगे। विधायक ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण उनकी प्राथमिकता है और जनसेवा ही उनका संकल्प है।

महंगाई के खिलाफ माड़ा के कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 31 मार्च। बढ़ती महंगाई और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माड़ा ने मोर्चा खोल दिया है। आज दिन मंगलवार को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी माड़ा को सौंपा गया। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने सरकार से आम जनता और किसानों को राहत देने की मांग की। ज्ञापन में मुख्य रूप से गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि व बिजली व्यवस्था की बदहाली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सीपी शुक्ला पूर्व प्रदेश प्रवक्ता एवं सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

पिछले छ: वर्षों में 720 बालिकाओं को शिक्षा प्रदान कर महत्वपूर्ण योगदान दिया है : संजय

प्रचालन उत्कृष्टता के साथ समाज कल्याण में अग्रणी एनटीपीसी रिहंद, मीडिया कर्मियों से रूबरू हुये परियोजना प्रमुख

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 31 मार्च। रिहंद स्टेशन के अधिकारी और कर्मचारी विषम से विषम परिस्थितियों में भी चुनौतियों को स्वीकार करने की क्षमता रखते हैं। यही समर्पण और इच्छाशक्ति रिहंद की कार्य संस्कृति को विशेष बनाता है।

उक्त बातें एनटीपीसी रिहंद परियोजना के शिवालिक अतिथि गृह में आज दिन मंगलवार को परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने प्रेसवार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुये कहा। परियोजना प्रमुख ने सवालों का जवाब देते हुये कहा कि एनटीपीसी रिहंद प्रचालन प्रदर्शन में सभी एनटीपीसी थर्मल स्टेशनों, परियोजनाओं में वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28 फरवरी तक 19.74 बिलियन यूनिट उत्पादन किया है। साथ ही 82.7 प्रतिशत पीएलएफ के साथ चौथे स्थान पर है। यह उपलब्धि परियोजना की असाधारण प्रचालन दक्षता और बिजली उत्पादन में उत्कृष्टता के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपनी प्रचालन उपलब्धियों के अलावा एनटीपीसी रिहंद ने अपने सीएसआर के अंतर्गत पिछले छ: वर्षों में जीईएम कार्यक्रम के माध्यम से 720 बालिकाओं को शिक्षा प्रदान करके सामाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनमें से 50 बालिकाओं को टाउनशिप के डीएव्ही स्कूल में उन्हें नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण, सहित अन्य मौजूद रहे।

परियोजना प्रमुख ने सीएसआर के उपलब्धियों को गिनाया

सीएसआर के अंतर्गत परियोजना के समीपवर्ती शैक्षणिक संस्थानों को वाराणसी जेल के बंदियों द्वारा निर्मित डेस्क बेंच वितरित किया, जिससे छात्रों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल के माध्यम से इन कैदियों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए। एनटीपीसी रिहंद सीएसआर द्वारा उ.प्र. एवं म.प्र. के लगभग 23 गाँव में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही है। साथ ही समीपवर्ती शैक्षणिक संस्थान में स्टेम लैब की स्थापना की गयी जिसमें कक्षा 6 से 8 के पाठ्यक्रम पर आधारित विज्ञान और गणित के कुल 80 कार्यशील मॉडल हैं।